# SatarK

Volume 04, 2023



भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें

Say No to Corruption, Commit to the Nation

## FERRO SCRAP NIGAM LIMITED

### VIGILANCE DEPARTMENT

# Vigilance Awareness Week

30th Oct to 05th Nov, 2023

*SatarK*
*Vol.-04*



## भ्रष्टाचार का विरोध करें

Say No to Corruption



## राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें

Commit to the Nation


**Editors :**

P.S. Thakur, DGM (Vigilance)

B.P. Anant, DGM (P&BD)


*Let's raise hands to eradicate Corruption*

# FERRO SCRAP NIGAM LIMITED


F.S.N.L.Bhawan, Equipment Chowk, Central Avenue,
Post Box No.37, Bhilai, Dist.-Durg,
PIN Code: 490001,Chhattisgarh, India.
Phone:0788-2222474, 2222475. Website: http://fsnl.nic.in

# *Integrity Pledge for Organization*

We believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country. We believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards, integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organization, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that:

- ❖ We shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
- ❖ We shall not offer or accept bribes;
- ❖ We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
- ❖ We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
- ❖ We shall adopt a code of ethics for all our employees;
- ❖ We shall sensitize our employees of laws, regulations, etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
- ❖ We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances and fraudulent activities;
- ❖ We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.

# *Integrity Pledge for Citizen*

I believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country. I believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

I realize that every citizen should be vigilant and commit to highest standards of honesty and integrity at all times and support the fight against corruption.

I, therefore, pledge :

❖ To follow probity and rule of law in all walks of life;

❖ To neither take nor offer bribe;


❖ To perform all tasks in an honest and transparent manner;

❖ To act in public interest;

❖ To lead by example exhibiting integrity in personal behavior;

❖ To report any incident of corruption to the appropriate agency.

# लौह पुरुष
# सरदार वल्लभ भाई पटेल



शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक है।



राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

## MESSAGE

I am pleased to know that the Central Vigilance Commission is observing Vigilance Awareness Week, 2023 from 30th October to 5th November, 2023 on the theme:

"भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"
"Say no to corruption; commit to the Nation"

Bringing about transparency and accountability in governance is one of the most important factors in ensuring all-round growth and development of the country. It is the collective responsibility of all the citizens of the country to fight for the ideals of ethics and integrity.

I solicit the participation of all the citizens of the country in joining the Central Vigilance Commission in this initiative. This year, CVC has also undertaken a three-month campaign on preventive vigilance measures.

I am sure that all these efforts will go a long way in spreading awareness and promoting the ideals of ethics and integrity in public life.

(Droupadi Murmu)

**New Delhi**
**October 12, 2023**



P.K. Srivastava
Central Vigilance Commissioner

सत्यमेव जयते

**केन्द्रीय सतर्कता आयोग**
**CENTRAL VIGILANCE COMMISSION**

सतर्कता भवन, जी.पी.ओ. कॉम्पलैक्स,
ब्लॉक–ए, आई.एन.ए., नई दिल्ली–110023
Satarkta Bhawan, G.P.O. Complex,
Block A, INA, New Delhi-110023

सं./No. 023/VGL/035
दिनांक / Dated 25.10.2023

## MESSAGE

### Vigilance Awareness Week (30th October to 5th November, 2023)

Central Vigilance Commission is observing Vigilance Awareness Week, 2023 from the 30th October to the 5th November, 2023. Evey year, Vigilance Awareness Week is observed as an outreach measure to create greater awareness about the importance of integrity and ethics in public life. The theme for this year is :

**"Say no to corruption; commit to the Nation,**
**भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"**

As a prelude to Vigilance Awareness Week 2023, the Commission has sought the participation of all Central Government authorities/organisations to undertake a three-month campaign (16th August to 15th November) on preventive vigilance activities as focus areas. As a means of eliciting public participation while also disseminating information on vigilance matters, the Commission has launched a quiz on vigilance matters.

The Commission is also issuing three publications : (i) Best Practices in Vigilance Administration, (ii) Increasing transparency through the use of technology, and (iii) Public Procurement: Challenges and Way Forward . The idea behind these is to disseminate information regarding effective and innovative initiatives undertaken by different organizations to serve as a point of reference and a way forward.

The Commission solicits the participation of all the citizens to come together in bringing about transparency and accountability in public administration.

(Arvinda Kumar)
Vigilance Commissioner

(Praveen K. Srivastava)
Central Vigilance Commissioner



# Surinder Kumar Gupta
Chairman and Managing Director

## MESSAGE

Vigilance Awareness Week is being observed in Ferro Scrap Nigam Limited with the theme "Say No to Corruption; Commit to the Nation"' "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" from 30th October, 2023 to 05th November, 2023, which also marks the birthday of Iron Man of India Late Sardar Vallabhbhai Patel (31st October).

It is very delighted to perceive that Vol.4 of e-Magazine "SatarK" will be bringing out during Vigilance Awareness Week 2023, which is escalating awareness among the employees and Public as well for eradicating corruption.

I am confident that with active participation of the employees in the various activities, being organized by FSNL during the awareness week, FSNL will contribute significantly towards creating awareness with regard to "Say No to Corruption; Commit to the Nation"' "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें".

To eradicate corruption from our Nation, participation of vigilant citizens is essential. Preventive Vigilance will play a significant role in strengthening and transparency in the organizational activities will keep the organization away from the corruptive means.

I convey my heartiest appreciation to the team FSNL and wish all the success in their endeavors.

Surinder Kumar Gupta
Chairman and Managing Director

# Suresh Madhavan

Chief Vigilance Officer



## MESSAGE

Vigilance Awareness Week is being observed by Ferro Scrap Nigam Limited from 30th Oct to 05th Nov, 2023, under the guidance of Central Vigilance Commission, with the theme – "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" "Say no to corruption; commit to the Nation".

These are occasions to reaffirm our commitment, and to rededicate ourselves in the fight against corruption. We as an individual can make a change, if that dedication and commitment is held supreme. As a public servant, it is incumbent upon us not to demand or accept bribe. It is to be remembered, that accepting bribe is a serious offence under the conduct rules & extant Laws. It is also to be kept in mind, that giving bribe is equally culpable and punishable under the law. The fight against corruption is multi-dimensional. Credible information about a corrupt activity which might be happening around is a useful tool to punish the corrupt. The Public Interest Disclosure and Protection of Informers (PIDPI) mechanism is a provision for those who want to expose corruption without openly revealing their identity.

FSNL has planned various activities during Vigilance Awareness Week ensuring the participation of the employees and their family members, in addition to the participation of School & College Students. One of the collective efforts is publication of 4th Volume of e-Magazine – "SatarK". The magazine contains impressive articles, poems etc., on integrity and anti-corruption related topics.

I thank FSNL management and appreciate my vigilance team for their endeavor in bringing out the magazine "SatarK".

Let us be part and participant in the fight against corruption. Together let us say NO to Corruption and Commit to the nation.

Suresh Madhavan
Chief Vigilance Officer

# आत्मचिंतन से समस्या का समाधान

समाज की समृद्धि के लिए कानून और व्यवस्थाओं का निर्माण किया गया है | यह क़ानूनी व्यवस्थाएं प्रत्येक राष्ट्र में अस्तित्व में है | साथ ही साथ हर राष्ट्र अपने नागरिकों को कुछ उत्तरदायित्व देता है | इन कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करना हर नागरिक का धर्म है जिसके कि राष्ट्र की उन्नति सुनिश्चित होती है | और राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब हर नागरिक प्रगतिशील बने | आज के इस दौर में प्रगति का अर्थ केवल पैसे से प्राप्त प्रतिष्ठा तक सीमित है | क्या हम पैसा प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक अपना पतन कर रहे है ? यह एक आत्मचिंतन का विषय हैं |

*बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय । जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय ॥*

कबीरदास जी कहते हैं कि जब मैंने संसार में बुराई को ढूँढा तो कहीं कोई बुराई नहीं मिली लेकिन जब मैंने अपने मन के भीतर झाँका तो मुझे खुद से बुरा इंसान नहीं दिखा | संत कबीर दास जी ने बहुत ही सुंदर सन्देश अपने इस दोहे से दिया था और यह सन्देश आत्मचिंतन का है | इसी तरह जब कभी हम सब भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करते है, हमे अपने आप से शुरुआत करना होगा | हम सब इस बात से भी भली भांति परिचित है कि जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं और जो लोग भ्रष्टाचार से लाभ उठा रहे हैं वे भ्रष्टाचार से नहीं लड़ सकते हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में मुख्य समस्या हर जगह लोगों का रवैया है ।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा विजिलेंस अवेयरनेस वीक (VAW) 2023 मनाया जा रहा है और इस को मनाये जाने की थीम इस प्रकार हैं |

## “भ्रष्टाचार का विरोध करे: राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे”
## "Say no to corruption; commit to the Nation"

हमे यदि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है तो हमें खुद से जागरूक होकर सदाचार को अपनाना होगा | उसके बाद ही हम समाज से अपेक्षा कर सकते है की वो भी इस भ्रष्टाचार मुक्त अभियान में सक्रियता से सम्मिलित हो | केवल इतना ही नहीं भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी को दंडित करना भी प्रभावी भ्रष्टाचार विरोधी प्रयास का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसके प्रति हर व्यक्ति को सजगता से कार्य निर्वहन करना चाहिए | हर व्यक्ति को यह भी देखना होगा की वो भ्रष्टाचार का हिस्सा हो या ना हो उसके आसपास कोई भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है | यदि हो रहा है तो उसकी जिम्मेदारी है की ऐसा न होने दे | साथ ही साथ न केवल सरकारी बल्कि गैर-सरकारी संस्थाओ को भी साथ में काम करते हुए इस आयोजन का हिस्सा बनना होगा | भ्रष्टाचार कभी भी चुटकी बजाने से ख़त्म नहीं होनेवाला लेकिन किसी भी अच्छी रणनीति की लगातार निगरानी और मूल्यांकन किया जाता रहे तो यह संभव है की वह समस्या समाप्त होगी |



**सौरभ राधेश्याम थारेवाल**
**वरिष्ठ प्रबंधक (विधि)**
**निगमन कार्यालय भिलाई**

# राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें

देश में जन्मे प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता | जितने जिम्मेदार नागरिक रहेंगे उस राष्ट्र का गौरव उतना ही महान होगा | राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का योगदान राष्ट्र की उन्नति में सहायक होता है इसलिए हम जिस दशा में है और जिस परिस्थिति में है हमें राष्ट्र प्रेम के अलख को जगाए रखना है | बस एक यही सकारात्मक सोच से हमारे देश की व्यवस्था और मौजूदा तंत्र में सुधार किया जा सकता है | हम लोग आए दिन जापान जैसे छोटे से देश को याद करते है कि कैसे एक छोटे से देश ने समूचे पृथ्वी पर एक नया मुकाम कायम किया है फिर वो तकनीक की बात हो, या अनुशासन की, स्वच्छता की या फिर बुलेट ट्रेन की | जापान ने अपने बच्चों से लेकर बूढों का जो समर्थन प्राप्त किया है अपने वर्चस्व की लड़ाई में वो देखते ही बनता है | भारत भी बहुत प्रशंसनीय तरीके से विकसित हो रहा है और चंद्रयान-3 जैसे मिशन से संपूर्ण जगत को चौंका दिया है | जब हमारा देश विकसित होगा तो हम सभी भी विकसित कहलायेंगे औ वहीँ जब हमारे देश का आदर होगा तो हम लोग भी आदरणीय कहलाएगे | हमारी सीमा सुरक्षा बल को देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति कहा जाता है मैं यहाँ पर स्पष्ट कर देना चाहता हूँ की हम सभी नागरिक अपने देश की सुरक्षा की पंक्ति है और देश की सुरक्षा के लिए सजग है और समय आने पर मर मिटने के लिए भी तैयार है | युवाओं से यह अपेक्षित है कि राष्ट्र निर्माण में अपनी योग्यता सिद्ध करे और सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते हुये अपना व समूचे राष्ट्र का भला करना है | हमारे संविधान में निर्दिष्ट मौलिक कर्तव्य में यह स्पष्ट किया गया है कि हमारी वैज्ञानिक सोच होनी चाहिए | हमें हर जीवित प्राणी के प्रति दया का भाव रखना चाहिए और पर्यावरण, पेड़, जलाशय, जीव जन्तुओं को भी संरक्षण प्रदान करना चाहिए | प्रदूषण, भ्रष्टाचार और अन्य कुरीतियों को भी ख़त्म कर हम राष्ट्र सेवा का परिचय दे सकते है |

अंत में मैं यह बताना चाहता हूँ कि राष्ट्र सेवा किसी भी तरह से की जा सकती है अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करना भी राष्ट्र भक्ति है और समाज के उत्थान हेतु कार्य भी राष्ट्र भक्ति है गर राष्ट्र भक्ति न होती तो चाणक्य द्वारा चन्द्रगुप्त का निर्माण नहीं किया जाता और उसे सम्राट चन्द्रगुप्त नहीं बनाया जाता यह एक उपयुक्त उदाहरण है कि जाति, वर्ण, लिंग भेद के बिना ही राष्ट्र भक्ति की जाती रही है| **क्योंकि बात राष्ट्र की थी तो महारानी दुर्गावती और लक्ष्मीबाई** ने भी शस्त्र उठाए और देश की आन बान

और शान की रक्षा की |हाल ही में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहें है और अगर हम भारत की स्वतंत्रता की कहानी को अच्छे से जाने तो यह समझते देर नहीं लगेगी कि हर वर्ग के लोगों ने यहाँ तक की कवियों ने भी भारत को आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था| धन्य है वे शहीद और धन्य है यह माटी कि ऐसे श्रेष्ठ नागरिक, इस धरती ने भारत को दिए | आपके छोटे-छोटे प्रयास भी भ्रष्टाचार को मिटाने में एक मील के पत्थर साबित होंगे | यह बात सर्वदा ज्ञात रहे कि देश आपको बनाएगा कि आप देश को बनायेंगे यह निर्णय हमें और आप सभी को करना है

**अशोक मिश्रा**
**कंपनी सचिव**
**निगमन कार्यालय भिलाई**



**"हम है भारत"**

# नैतिक मूल्यों का जीवन पर प्रभाव

एक सुंदर मनोहर सुबह के समय गर्म चाय की प्याली के साथ–साथ एक समाचार पत्र भी मिल जाए तो उससे बेहतर कुछ नहीं है **?** किन्तु इन समाचार पत्रों में हम क्या पढ़ते हैं, लालसा, भ्रष्टाचार, भेदभाव, डकैती या और ऐसे ही अनेक विषयों पर खबरें पढ़ते हैं। इनको पढ़कर हमें अपनी सुरक्षा और संरक्षा की चिन्ता होने लगती है। भारत को हमेशा से ही उच्च आचरण तथा नैतिक मूल्यों वाला देश माना गया है। क्या हमारा समाज, देश तथा स्वयं हम में होने वाला परिवर्तन हमारी इस विचारधारा में परिवर्तन कर रहा है **?** क्या हम उच्च मूल्यों की अपनी व्यवस्था को खो रहे हैं या यह मात्र वह चरण है जिससे हमारा देश गुजर रहा है। हम सभी ने समान मूल्यों को ग्रहण किया है, इसके बावजूद हम में से कुछ ऐसे हैं जो सफलता के फटाफट रूप में अन्याय तथा अनैतिकता के मार्ग पर चल रहे हैं । क्या सदा ही नैतिक रूप से ही सही होना महत्वपूर्ण है **?**

## nfud thou e ufrdrk dk egRo

- अधिकारों और उत्तरदायित्वों, दोनों का ही आदर करने के महत्व को जान पाएंगे,
- श्रम की गरिमा को पहचान पाएंगे तथा उसका महत्व जान पाएंगे,
- सहिश्णुता, सहानुभूति तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की कला को सीख पाएंगे और
- व्यक्तिगत आचार–संहिता को विकसित कर पाएंगे जो आपके अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन स्थापित कर सके।

## thou d eY;

lkgknZi.kZ okrkoj.k dk cuk, j[kus d fy, ge e l gjd d fy, fu/kkZfjr eY;k dk xg.k djuk vR;r egRoi.kZ gA bue l dN eY; g %

## bekunkjh o fu"Bk

कार्य के प्रति आदर, समयपालन, नियमितता तथा अनुशासन दूसरों के प्रति शिष्टाचार तथा नम्रता, संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग, पहल करना, कार्यों को पूरा करने में कुशलता

## dk;LFky ij ewY;

कार्यस्थल पर सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिए हम में से हरेक के लिए निर्धारित मूल्यों को ग्रहण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ मूल्य है :– संगठन के प्रति ईमानदारी व निष्ठा, सौंपे गए कार्य के प्रति आदर, समयपालन, नियमितता तथा अनुशासन, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, सहकर्मियों के साथ शिष्टाचार तथा नम्रता, कार्यों को पूरा करने में कुशलता, नए कार्यो को करने में आगे रहना ।

ईमानदारी वह मूल्य है जो सबके पास है। आप यह सोच रहे होंगे कि मूल्य क्या होते हैं ये कहा से आते हैं **?**क्या मूल्य नैतिकता में भिन्न होते हैं और ऐसे ही अनेक सवाल आपके मन में घूम रहे होंगे । बहुत कम दिखाई देता है।

## ufrdrk dh vko';drk rFkk egRo

आप रोजाना समाचार पत्रों में अनेक खबरें पढ़ते हैं जैसे भ्रष्टाचार,घूसखोरी, खाद्य मिलावट, अपरहरण, हिंसा तथा हत्या आदि । हमारे समाज को यह क्या हो रहा है**?** लोग अपनी चेतना को मार कर पैसे के पीछे क्यों भाग रहे हैं**?** हमारे समाज में मूल्य धीरे–धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। कुछ लोग अनैतिक माध्यमों से संपत्ति का संचय तथा ताकत प्राप्त कर रहे हैं। अपने समाज में हम ऐसा क्यों होने दे रहे हैं**?** हम अपने समाज के इस पतन को रोकने के लिए मिल कर प्रयास कर सकते हैं। इसके लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम में से हर एक व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में मूल्यों को अनुसरण करें। यदि इन मूल्यों को अनुसरण न किया जाए तो

हमारे समाज का क्या होगा ? आप ऐसे ही अनेक प्रश्नों के बारे में विचार कर सकते हैं :–

जीवन की हानि तथा जन संपत्ति को क्षति, परिवारों का विखंडन, कानून और व्यवस्था में कमी, अपराध और भ्रश्टाचार, मदिरापन तथा नशीले पदार्थो का सेवन, महिलाओं, बच्चों तथा समाज के अन्य संवेदनशील सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार, संसाधनों का अनुचित प्रयोग तथा बर्बादी।

यदि समाज के सभी सदस्य मूल्यों तथा नैतिकता का अनुसरण नहीं करेंगे तो समाज में पूर्ण रूप से असंतुलन तथा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। चारों ओर अपराध तथा अनाचार फैल जाएगा और जीवन कठिन हो जाएगा। इसलिए, यह हमारा दायित्व है कि हम व्यक्तिगत रूप से नैतिकता का अनुपालन करें।

**छगनलाल नागवंशी**
**राजभाषा अधिकारी**
**निगमन कार्यालय, भिलाई**



# Securing Social Media

Social media offers an outlet for people to connect, share life experiences, pictures and video. But too much sharing—or a lack of attention to impostors—can lead to a compromise of business and personal accounts.

Attackers often use social media accounts during the reconnaissance phase of a social engineering or phishing attack. Social media can give attackers a platform to impersonate trusted people and brands or the information they need carry out additional attacks, including social engineering and phishing.

## Type of Attacks:

A. **Phishing** is a type of cyber attack that cybercriminals use to get users to perform some type of action. The attacker / hacker sends out legitimate-looking email for gathering personal and financial information from recipients. The messages appear to come from well known and trustworthy Web sites .

**B. Vishing** is short for "voice phishing," which involves defrauding people over the phone, enticing them to divulge sensitive information. In this definition of vishing, the attacker attempts to grab the victim's data and use it for their own benefit—typically, to gain a financial advantage.

C. **Smishing** is a combination of "SMS" and "phishing". In a smishing attack, cybercriminals send deceptive text messages to lure victims into sharing personal or financial information, clicking on malicious links, or downloading harmful software or applications.

D. **Identity (ID) theft** occurs when a stranger gains access to your personal information without your knowledge or consent. An ID thief may use your information to open lines of credit in your name or submit applications for things like employment, insurance coverage or housing.

E. **Click Fraud:** The easiest, least detectable way to commit click fraud is to create a website that hosts banner ads and click on those ads as much as possible to generate revenue.

**Five way to prevent yourself from social engineering attack-**

- Always use Multifactor Authentication on your accounts i.e. PIN and fingerprint based.
- Update your Software, application and platform (Mobile or Computer) regularly.
- Think twice before click on any unknown web link or suspicious content.
- Use unique passwords for each social network.
- Always use strong passwords for any online account alphanumeric i.e. XXX@1245* and also update account password regularly on periodically basis.

Don't accept friend requests from unknown people even if the user has several friends in common.

**Deepak Tomar**
**DM (SA&P)**
**Corporate Office**



***" Bring transparency in your work"***

# भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे | कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता से लाभ

भ्रष्टाचार हमारे समाज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इस दुर्दशा से निपटने के लिए, हमें पारदर्शिता और कार्यों में ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता है। इस प्रस्तुति में हम अहम विषयों पर चर्चा करेंगे।

## ➢ भ्रष्टाचार का विरोध करना

- भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं और इस समस्या का सामना करें। जो व्यक्ति भ्रष्टाचार में सहयोग करता है, उसे सजा मिलना चाहिए।

## ➢ कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता का महत्व

(क)पारदर्शिता एक अनिवार्य गुण है।

- हमेशा तय करें कि हमारे कार्यों में कोई गुप्त योजना नहीं होती है और हमारा काम दूसरों के सामने पूरी तरह से उपलब्ध होता है।

(ख)जांच करने का समय आता है।

- पारदर्शिता के बिना धोखे से आपके साथ काम करने वाले लोग आप से फायदा उठायेंगे।

(ग) भरोसा जताने में मदद करता है।

- जो लोग आप पर भरोसा करतें हैं, उन्हें आप पारदर्शिता से निर्णय लेने में मदद करते हैं।

## ➢ पारदर्शिता के लाभ

(क)विश्वास प्राप्त करे।

पारदर्शिता के कारण लोग आपको हमेशा अच्छी नजरों से देखेंगे।

(ख)सहज विश्वास का विकास करें।

- जो लोग आपको साथ हैं, उन्हें ज्यादा सहज विश्वास होता है हमेशा काम करने में।

(ग)संबंध बनाएं

- पारदर्शिता अच्छा संबंध बनाने का माध्यम हो सकता है।

(घ)अधिक मूल्य हासिल करे

- हमेशा अपने ग्राहको ओर सहयोगियों से खुले होकर बात करे ताकि आप उनसे अधिक व्यापार हासिल कर सके ।

➢ कार्यो मे पारदर्शिता की भूमिका

(i)पहले निर्णय ले

- जब भी आप कोई फैसला लेते है, ये सुनिश्चित करे कि आपने सीधा उभरता सूचकांक का उपयोग किया है ।

(ii)काम शुरू करे

- पारदर्शिता से काम शुरू करें । इस तरह से, सभी आपके साथ खुले होकर काम करने के लिए तैयार हो जाएंगे।

(iii) फोलोअप करे

- आपके कम की जांच सुनिश्चित करे और अपने प्रगति के बारे मे लोगो से शेयर करे।

## ➢ परिणाम: बदलाव की दुनिया मे हमारी भूमिका

| भूमिका | विवरण |
|---|---|
| सकारात्मक प्रभाव | हम भ्रष्टाचार के खिलाफ संसार भर मे एक सकारात्मक बदलाव लाने मे मदद कर सकते है |
| कुशलतापूर्वक बदलाव | हम पारदर्शिता व सत्यापन के अनुसार अपने उद्देश्यों को कुशलतापूर्वक बदल सकते है। |
| क्रियाशील रोल | हम क्रियाशील रोल निभा सकते है व भ्रष्टाचार से मुक्त होने के लिए अन्य लोगों की भी मदद कर सकते है । |



**अतुल कुमार सिंह**
**वरिष्ठ प्रबंधक (का एंव प्र.)**
**बोकारो इकाई**

# ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी क्या है और उससे बचाव

ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंकिंग सिस्टम में हमने वक्त के साथ कई बदलाव देखे हैं, पर क्या आप जानते हैं कि जितनी तेजी से यह बदलाव हुए हैं उतनी ही तेजी से साइबर फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है.

मौजूदा समय में बैंकिंग फ्रॉड एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है. हर दिन ऐसे कई केस सामने आते हैं जिनमें अलग-अलग तरीकों से लोगों के बैंक अकाउंट से पैसे उड़ा लिए जाते हैं.

बैंकिंग फ्रॉड आसान बात नहीं है। क्योंकि हमारे बैंकिंग सिस्टम की सिक्योरिटी इतनी हाई टेक और मज़बूत होती है कि कोई हैकर आसानी से आपके अकाउंट की जानकारी हासिल नहीं कर सकता है। लेकिन कभी-कभी खुद के सजग न होने से अनजाने में हम बैंक में जमा अपनी पूँजी गवाँ देते हैं।

## मोबाइल बैंकिंग में धोखाधड़ी कैसे होती है :-

आपके अकाउंट से पैसा साफ़ करना किसी जालसाज के लिए तब ज़्यादा आसान हो जाता है जब बिना सोचे समझे हम ई मेल या एसएमएस का जवाब दे देते हैं या ओटीपी शेयर करते हैं।

कॉल करके जुटाते हैं जानकारी - कॉल सेंटर फ्रॉड में धोखेबाज ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर ग्राहक को कई बार कॉल करता है और उससे निजी जानकारियां प्राप्त करता है। अगर ग्राहक धोखे मे आकर धोखेबाज को अपनी निजी जानकारियां दे देता है, तो धोखेबाज आसानी से उस व्यक्ति के बैंक अकाउंट में सेंध लगा सकते है।

फिशिंग :- फिशिंग में हैकर्स ग्राहकों को एसएमएस लिंक या बोगस ई-मेल भेजते हैं। वे ग्राहकों को ईनाम, रिफंड या कैशबेक का लालच देकर इन लिंक्स पर क्लिक करवाते हैं। ग्राहक जब इस तरह के लिंक्स पर क्लिक करके अपनी जानकारी डालता है, तो वह हैकर के पास चली जाती है।

चोरी हुए फोन से फ्रॉड :- चोरी किये गए मोबाइल फोने से धोखेबाज आसानी से आपका बैंक अकाउंट खाली कर सकते हैं। अगर फोन में बैंक का ऐप हो या सभी जरूरी बैंक से जुड़ी जानकारियां हों, तो धोखेबाज के लिए आपका अकाउंट खाली करना थाली में परोसे हुए भोजन को खाने जैसा होगा। इसलिए अपने फोन के साथ कभी भी लापरवाही ना बरते और ना ही फोन में वित्तीय जानकारियां सुरक्षित रखें।

<u>फ्रॉड से बचने के आसान तरीके :</u>

1. कोई फ़ोन कॉल करके अपने को कस्टमर केयर एजेंट, बैंक स्टाफ बताकर या ईमेल, सोशल मीडिया के माध्यम से डेबिट कार्ड सीरियल नंबर ,पिन या ओटीपी की मांग करे तो उसे कभी भी शेयर ना करें, क्योंकि किसी बैंक की तरफ से ऐसी कॉल नहीं की जाती है।
2. अनजान मेसेज या कॉल :- उन मैसेज या कॉल का जवाब नहीं दे, जिनकी प्रमाणिकता पर आपको संदेह हो।
3. वैरिफाइड बैंकिंग ऐप डाउनलोड करें :- मोबाइल पर ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा संबंधित बैंक के एप्लीकेशन का उपयोग करते हैं. प्ले स्टोर से बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने से पहले उसकी जांच कर लें और वैरिफाइड ऐप ही डाउनलोड करें.

1. **ट्रू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन रखें :- फोन में मौजूद ऐप और अकाउंट्स में लॉगिन करने के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (**Two-Factor Authentication**) एक्टिव रखें. इससे कोई भी बिना ऑथेंटिकेशन के न तो लॉगिन कर सकेगा और न ही ट्रांजेक्शन.**
2. **संदिग्ध ईमेल या लिंक पर न करें क्लिक :- साइबर क्रिमिनल्स आपके डिवाइस को हैक करने के लिए लिंक का सहारा लेते हैं. वे लिंक के जरिए आपके फोन, कंप्यूटर या लैपटॉप में मैलवेयर या वायरस भेजते हैं. आपके डिवाइस में जैसे ही ये वायरस एंट्री करते हैं, वैसे ही इसका नियंत्रण उनके कब्जे में चला जाता है.**
3. **मोबाइल में ब्लूटूथ को ज़रूरत के समय ही ऑन करें। हैकर्स इसका इस्तेमाल आपके मोबाइल को हैक करने के लिए कर सकते हैं।**
4. **अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर ना करें।**
5. **सरकार और** RBI **द्वारा समय समय पर जारी कीये गए गाइड लाइन्स का पालन करे**

**<u>धोखाधड़ी होने पर क्या करें?</u>**

**1. अकाउंट से किसी ने पैसा निकाल लिया है, तो सबसे पहले बैंक और यूपीआई को कॉल करें, जिससे पेमेंट रोका जा सके।**
**2. अगर ऑनलाइन खरीददारी में गड़बड़ी हुई है तो संबंधित वेबसाइट को कॉल कर रेफरेंस आईडी के साथ जानकारी दें।**
**3. साइबर एक्सपर्ट की मदद लें और तुरंत एफआईआर दर्ज करवाएं।**

**सारांश :- आप देखेंगे कि पहले कैसे हर एक छोटे-बड़े काम के लिए लोगों को बैंक ही जाना पड़ता था। खाता खुलवाने से लेकर पैसे निकालने और जमा करने तक के लिए बैंक जाना अनिवार्य था। पर अब समय बदल चुका है और घर बैठे ही बैंक से जुड़े ज्यादातर काम चुटकियों में हो जाते हैं। पैसे भेजने से लेकर बैंक में पैसे जमा करने और लोन लेने तक की प्रक्रिया बेहद आसान हो गई है और इसमें ग्राहक की मदद करती है इंटरनेट बैंकिंग। पर आप ये जरूर याद रखें कि अपनी इंटरनेट बैंकिंग को आपको सिक्योर जरूर रखना है, वरना जालसाज पलक झपकते ही आपकी मेहनत की कमाई को खाली कर सकते हैं।**

**अभिषेक सिंह**
**सहायक प्रबंधक (वित्त एंव लेखा)**
**निगमन कार्यालय भिलाई**



# कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता से लाभ

पारदर्शिता का अर्थ है – खुलापन, सूचना की आसानी से प्राप्ति और उत्तरदायित्व | पारदर्शिता भ्रष्टाचार और पक्षपात से बचाता है | कार्यालय में पारदर्शिता होने से कार्यालय के कार्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है जो शासन में जवाबदेही सुनिश्चित करती है | यदि किसी संस्था में पारदर्शिता जैसे बुनियादी मूल्य को अपनाया जाता है, तो उस संस्था में भ्रष्टाचार की संभावना कम होगी | कार्यालय में नागरिक चार्टर लागू करना तथा उस संस्था के कर्मचारियों द्वारा पालन करना भी पारदर्शिता को बढ़ाता है | पारदर्शिता प्रबंधकों और कर्मचारियों के बीच खुलापन पैदा करती है और उससे विश्वास पैदा होता है और एक सफल संगठन बनता है | कार्यस्थल की संस्कृति को बेहतर बनाने के लिए संचार और सहयोग में सुधार किया जाना चाहिए और इसके लिए विश्वास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है | कार्यस्थल में पारदर्शिता कर्मचारी जुड़ान के लिए दो मुख्य सामग्रियों के लिए मंच तैयार करने में मदद करती है जो कर्मचारी के लिए मान्यता और संतुष्टि है| मान्यता का मतलब न केवल उपहार कार्ड और सितारे हैं, बल्कि कर्मचारियों को संगठन में उनके योगदान को जानने में मदद करना भी है | इससे संस्थान को मिशन में फर्क पड़ता है, यह उनके अपनी प्रतिक्रिया और विचार निर्माण में अधिक सकारात्मक और उत्पादक बनाता है | कार्यालय में संस्कृति सुधार मान्यता से कर्मचारी आपके संगठन के प्रदर्शन के बारे में अधिक ध्यान देना शुरू कर देते हैं और अपनी इच्छा और मित्रता के साथ व्यव्हार करते हैं|

पारदर्शिता आपके संगठन में समग्र विश्वास और ईमानदारी को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, यह समस्याओं का समाधान करता है और आपदाओं को खंडित होने से पहले ही रोक देता है | कार्यालय में पारदर्शिता आपको कार्य लाभ प्राप्त करने और यहाँ तक कि आपका राजस्व बढ़ाने में भी मदद करती है |



**रजनीश कुमार**
**प्रबंधक (प्रचालन)**
**दुर्गापुर इकाई**

# Remain Dedicated to the Nation

Love of one's country has been said to be above all other loves, love of family, children, relatives and friends. It is, perhaps next only to love of God. That is why Scott says that hardly shall we find such a person as does not feel happy when he turns his footsteps for homeland from foreign countries. Sacrifice in the cause of the service of the motherland is a highly noble virtue. History is full of praise for those who lived or died for their country.

Patriotism refers to the passionate love one has for their country. This virtue pushes to citizens of a country to work for their country selflessly and make it better. A truly developed country is made up of true patriots and selfless dedication towards country. In other words, patriotism means keeping the country's interest first and then thinking about oneself. Patriotism can be specifically seen during times of war. Moreover, it helps in building the nation stronger. There are other significances of patriotism as well.

Usually, we refer to our country as our motherland. This further proves that we must have the same love for our country as we have for our mother. After all, our country is no less than a mother; it nurtures us and helps us grow. Everyone must possess the virtue of patriotism as it makes it better.

In addition, it also enhances the life quality of the citizens. It does that by making people work for the collective interest of the country. When everyone works for the betterment of the country, there would be no conflict of interest. Thus, a happier environment will prevail.

After that, peace and harmony will be maintained through patriotism. When the citizens have the spirit of brotherhood, they will support one another. Hence, it will make the country more harmonious.

India has had a fair share of patriots from the very beginning. The struggle for independence gave birth to various patriots. These patriots have made a lot of sacrifices for the county to flourish and prosper. Their names have gone down in history and are still taken with respect and admiration. Some of the greatest patriots of India were Rani Lakshmi Bai, Shaheed Bhagat Singh, and Maulana Azad.

Nation Building is a multidimensional concept, and it involves the active participation of its citizens in various walks of life. A strong and powerful nation is built on dedication and hard work of its citizen and some amount of smart planning on the part of the Government. There are various facets of Nation building among which the most important ones at this moment in time seems to be the tapping the potential of its human resource, reducing the social and economic disparity that exists in the society and creating an enabling environment, wherein individuals can live freely and attain their best in life.

Saswat Ranjan Biswal
Durgapur Unit



# Say No to Corruption

Any immoral act committed by an individual or a group resulting in usurping the rights and privileges of others is known as Corruption. It manifests itself in various forms such as bribery, embezzlement, fraudulent activities, misuse of power, influence, or authority for personal gain, etc. In fact corruption is such a deplorable act that it impedes the development of society and nations at large.

Over the years it is corruption that has resulted in unequal distribution of allocated funds of public resulting in misappropriation of wellness measures laid out my government for public It also accentuates, unequal access to education, healthcare, and employment opportunities. The world is now equipping itself to curb the various means of corruption by various means such as inclusion of moral studies at school level, formation of various committees/helplines to report and combat dishonest dealings by officials, right to public services laws, electoral reforms, encouraging and rewarding whistle blowers etc.

The independent India of today is a result series of historic events and sacrifices of our erstwhile freedom fighters such as Mahatma Gandhi, Durgawati, Sardar Vallabh Bhai Patel etc and hence it is imperative for us as custodians of our nation to say no to this voice, not just as a moral duty but as a necessity for societal progress.

Though Corruption is a formidable challenge in the world of today that impedes the growth , development ,corrodes trust and wellbeing of nations worldwide .We must all attempt to lend our shoulder in building the golden India imagined by our freedom fighters by discouraging this voice through instilling the principles of fairness, justice, and integrity in our day to day dealings both at home and workplace thereby partnering in the growth of a progressive society.

Smt. Smrutirupa Mohanty
W/o. Saswat Ranjan Biswal
Durgapur Unit



# ईमानदारी

<u>प्रस्तावना</u> :—

ईमानदारी वह शब्द है जिससे हम सभी बहुत अच्छे तरीके से परिचित है लेकिन जिसका उपयोग बहुत कम किया जाता है, ईमानदारी को परखने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। जिसे बड़े – बड़े स्तरों में देखने को मिलता है, ईमानदारी वह गुण है जो मनुष्य की अच्छाइयों को दर्शाता है यह जीवन में स्थायित्व और बहुत खुशहाली लाती है ईमानदारी समाज में कार्यालयों व लोगों में मन का विश्वास जीत लेती है। ईमानदरी का अर्थ सभी पहलुओं पर ईमानदार होना है, ईमानदारी वह गुण है जिसे हम दूसरों के लिए बिना किसी फायदे के कोई अच्छा काम कर देते है।

<u>ईमानदरी का अर्थ</u> :—

ईमानदारी मनुष्य के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ईमानदारी मनुष्य के द्वारा जीवन भर में कमाई हुई वास्तविक सम्पत्ति है जो कभी नष्ट नहीं होती है, जो आज के समाज में बहुत कम लोगों के बीच मिलती है, ईमानदारी घर – परिवार विद्यालय कार्यालय व समाज के बीच उचित पारस्परिक सम्पर्क को मजबूत बनाती है। ईमानदारी कोई वस्तु नही है जिसे खरीदा या बेचा जा सके।

हम सभी को इसकी सीख लेते हुए अपने घर व बच्चों में इसकी शिक्षा देनी चाहिए, बच्चों में बचपन से ही घरो व स्कूलों में अभिभावकों व शिक्षकों की मदद से ईमानदारी के उचित निर्देश दिए जाने चाहिए। किसी भी देश के युवा उस देश का भविष्य होते है। इसलिए उन्हें नैतिक चरित्र को विकसित करने के लिए बेहतर अवसर देने चाहिए जिससे वे घर, समाज व देश का बेहतर तरीके से नेतृत्व कर सकें। ईमानदारी मनुष्य की समस्याओं का सच्चा साधन है, आजकल समाजए देश में ईमानदार लोगों की संख्या में कमी होने के कारण समाज में प्रत्येक जगह भ्रष्टचार और दूसरी बड़ी समस्याएँ उत्पन्न हो रही है।

<u>ईमानदारी का महत्व</u> :—

ईमानदारी किसी भी व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ गुण एवं उसकी सबसे अच्छी आदत है जिसका हर किसी के जीवन में सर्वाधिक महत्व है। ईमानदार व्यक्ति को सदैव परिवार व समाज में सर्वाधिक सम्मान मिलता है जिससे उसकी अलग ही प्रतिष्ठा होती है, ईमानदारी एक ऐसा गुण है जिससे सामने वाला भरोसा आसानी से जीत लेता है, ईमानदार लोग निडर व निःस्वार्थ भाव से खुशी पूर्वक अपना जीवन यापन करते है। ईमानदारी किसी भी रिश्ते में मजबूती और आत्मविश्वास लाने का काम करती है। ईमानदारी के बिना किसी भी रिश्ते में मजबूती और आत्मविश्वास कायम नही हो सकता है।

ईमानदार व्यक्ति को अपनी मंजिल तक पहुँचने में कॉफी संघर्ष क्यों न करना पड़े लेकिन ईमानदार व कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति को एक दिन सफलता जरूर प्राप्त होती है, बेईमान व्यक्ति की सफलता कभी स्थायी नहीं होती है क्योंकि जब उसकी घपलेबाजी भ्रष्टाचार और घौटालो का पर्दा फास होता है, तो समाज में उसकी प्रतिष्ठा क्षण भर में नष्ट हो जाती है

कठिन परिस्थिति में ईमानदारी :–

ईमानदारी मनुष्य का एक बहुत बड़ा गुण है, इसे गम्भीर से गम्भीर एवं विकट परिस्थितियों में भी नहीं छोड़ना चाहिए, जो व्यक्ति विकट व गंभीर पिरिस्थितियों से बच निकलने के लिए सच्चाई के मार्ग से विचलित हो जाते है या झूठ का सहारा लेते है, ऐसे व्यक्तियों को काफी मुसिबतों का सामना करना पड़ता है। जिससे व्यक्ति धसता चला जाता है।

ईमानदारी के लाभ :–

ईमानदारी से किसी भी व्यक्ति का भरोसा आसानी से जीता जा सकता है, ईमानदारी की राह पर चलकर ही भ्रष्टाचार व अनैतिक कार्यों से दूर रखने में उसकी मदद करती है।

ईमानदारी व्यक्ति की अच्छाईयों व नैतिक चरित्र को दर्शाती है। ईमानदार व्यक्ति समाज में बहुत सम्मान व प्रतिष्ठा हासिल करता है। ईमानदारी व्यक्ति के अन्दर आत्मविश्वास की भावना जाग्रत करती है। ईमादार व्यक्ति के मन में सदैव अच्छे विचारों की उत्पत्ती होती है और उसका मन शान्त रहता है। ईमानदारी मनुष्य को मानसिक व शारीरिक रूप से खुशी प्रदान करती है।

निष्कर्ष :–

ईमानदारी किसी व्यक्ति को सफल जीवन जीने में मदद करती है और समाज में उसकी प्रतिष्ठा बनाती है जो व्यक्ति ईमानदारी का मार्ग अपनाते है और सच्चाई का साथ देते है वे सदैव खुश रहते है और हर प्रकार की परेशानियों से दूर रहते है। और निड़र होकर अपना जीवन यापन करते है, इसलिए हम सभी को ईमानदारी के गुणों को विकसित कर अपने बच्चों एवं परिवार वालों के साथ – साथ समाज में भी ईमानदारी के गूणों को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सामाजिक और आर्थिक सन्तुलन बनाने के लिए लोगों को ईमानदारी के मूल्य को समझना चाहिए। यह आधुनिक समय के अनुसार अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। ईमानदारी एक बहुत अच्छा गुण है, जो व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों को सुलझाने और संभालने में पूर्ण रूप से सक्षम बनाती है। साथ ही यह भ्रष्टाचार में लगाम लगाने में भी सार्थक सिद्ध होगा।

**देवेन्द्र सिंह**
**निगमन कार्यालय भिलाई**




# भ्रष्टाचार पर कविता

माता-पिता ने पढ़ा-लिखा कर, तुमको अफसर बना दिया।
आज देखकर लगता है कि सबसे बड़ा यह गुनाह किया।
रिश्वत लेने से अच्छा था, भीख माँगकर जी लेते।
लाखों का धन है तो भी, क्यों आज भिखारी बन बैठे।

मुँह खोलकर मांगे पैसे, बेहतर होंठ तुम सी लेते।
काले धन की पूजा करके, जाने कैसे तन बैठे।
भूल गए बचपन में तुम भी, खिलौना देख रो देते थे।
आज कैसे उन नन्हें हाथों से, खेलने का हक ले बैठे।


एक आदमी पेट काटकर, अपना घर चलाता है।
खून पसीना बहा-बहा कर, मेहनत की रोटी खाता है।
खुद भूखा सो जाए पर, बच्चों की रोटी लाता है।
तू उनसे छीन निवाला, जाने कैसे जी पाता है।

रचना : भगवती देवी
W/o देवेन्द्र सिंह
निगमन कार्यालय भिलाई







Kamini Kumari
D/o. Ranjit Mukhiya
Corporate Office







Kanika Kumari
D/o. Ranjit Mukhiya
Corporate Office






Ashutosh Mukhiya
S/o. Ranjit Mukhiya
Corporate Office







Sibinarayan Hota
Rourkela Unit

Pratyusha Mohanty
D/o. P.K. Mohanty
Rourkela Unit





# VAW-2022 @ FSNL Units



Bokaro Unit




Durgapur Unit

# VAW-2022 @ FSNL Units










Rourkela Unit

SatarK
Vol.-04

# VAW-2022 @ FSNL Units




Burnpur Unit





Vizag Unit





Bhilai Unit

SatarK
Vol.-04

# VAW-2022 @ FSNL C.O.

## Inaugaration(31.10.2022)




## Public Awareness(31.10.2022)




## Essay Writing Competition for employees (01.11.2022)




# VAW-2022 @ FSNL C.O.

## Elocution (02.11.2022)






## Vendors Meet (02.11.2022)






## Debate Competion at College (03.11.2022)





# VAW-2022 @ FSNL C.O.

Quiz Completion for Employees (03.11.2022)







Essay Writing Competition for School Students (04.11.2022)





Slogan Writing Competition for Employees (04.11.2022)





# VAW-2022 @ FSNL C.O.

## Walkathon (05.11.2022)






## Valedictory Ceremony (05.11.2022)





## Grama Sabha at Karanja, Bhilai (19.10.2022)






# VAW-2022 @ Social Media

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Oct 19

We are observing Vigilance Awareness Week 2022 on the theme of "Corruption free India developed Nation". In this occasion "Gram Sabha" at Gram Panchayat, Karnja Bhilai has been organized on 19.10.2022 by Vigilance Department of FSNL.




CVC, Govt. of India and 3 others

1 1

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Oct 31

INAUGURATION OF VIGILANCE AWARENESS WEEK 2022



CVC, Govt. of India and 2 others

1

# VAW-2022 @ Social Media

SatarK
Vol.-04

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Nov 2

Public Awareness Program during VAW-2022




CVC, Govt. of India and 3 others

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Nov 2

Organized Vendors Meet on 02.11.2022 during VAW-2022



CVC, Govt. of India and 3 others

# VAW-2022 @ Social Media

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Nov 2

Conducted Elocution on 02.11.2022 during VAW 2022



CVC, Govt. of India and 3 others

1

**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Nov 3

During the VAW-2022 Debate Competition has been conducted at Dr. Waman Wasudev Patankar Govt. Girls PG College, Durg (CG) on 03.11.2022)



CVC, Govt. of India and 3 others

# VAW-2022 @ Social Media



**FSNL VIGILANCE** @fsnl_vigilance · Nov 11

Walkathon organized on 05th Nov'22 during VAW-2022




FSNL and 4 others

देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959

05 Nov 2022 - Page 18

## फेरो स्क्रैप सतर्कता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाईनगर**, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत् फेरो स्क्रैप निगम के मिनी ऑडिटोरियम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सतर्कता भाषण प्रतियोगिता प्रभाकर सिंह ठाकुर उप-महाप्रबंधक सतर्कता के मुख्य आतिथ्य एवं के. गिरीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन, जी. श्रीनिवास, वरिष्ठ प्रबंधक, श्रीमती भावना चांदवानी उप-प्रबंधक के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

एफएसएनएल द्वारा आयोजित सतर्कता भाषण प्रतियोगिता के विषय भ्रष्टाचार कारण एवं निवारण, भ्रष्टाचार मुक्त भारत-शासकीय कर्मचारियों की भूमिका एवं ईमानदारी-सर्वश्रेष्ठनीति है, था, जिस पर निगमन कार्यालय भिलाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल के के. गिरीश कुमार, जी. श्रीनिवास, श्रीमती भावना चांदवानी थी। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार सतर्कता भाषण प्रतियोगिता में प्रथम- छगन लाल नागवंशी, द्वितीय- श्रीमती सुनिता पंडित, तृतीय-श्री सौरभ थारेवाल, सांत्वना-अशोक मिश्रा को वरीयता क्रम में विजेता घोषित किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रभाकर सिंह ठाकुर, उप-महाप्रबंधक सतर्कता ने किया।

प्रभाकर सिंह, उप-महाप्रबंधक सतर्कता एवं श्रीमती भावना चांदवानी, उप-प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन बी.एस.एस. श्रीनिवास, सतर्कता अधिकारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन छगन लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग श्री मो. युनुस का रहा।

## सतर्कता भाषण स्पर्धा में नागवंशी बने विजेता



सिटी रिपोर्टर | भिलाई

फैरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह अंतर्गत आयोजित सतर्कता भाषण प्रतियोगिता में छगन लाल नागवंशी प्रथम विजेता रहे। दूसरा स्थान सुनीता पंडित, तीसरे स्थान पर सौरभ थारेवाल रहे। वरीयता क्रम में अशोक मिश्रा विजेता घोषित किए गए। सतर्कता भाषण प्रतियोगिता के विषय भ्रष्टाचार कारण एवं निवारण, भ्रष्टाचार मुक्त भारत-शासकीय कर्मचारियों की भूमिका एवं ईमानदारी-सर्वश्रेष्ठ नीति है था। इस पर निगमन कार्यालय, भिलाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। निर्णायक के गिरीश कुमार, जी श्रीनिवास, भावना रहीं।

# VAW-2022 @ Grama Sabha


















A MECHANISM TO EXPOSE CORRUPTION
BY KEEPING YOUR IDENTITY CONFIDENTIAL

# PUBLIC INTEREST DISCLOSURE & PROTECTION OF INFORMER RESOLUTION, 2004 (PIDPI)

| | |
|---|---|
| WHAT IS PIDPI? | • PIDPI is a resolution of Government of India<br>• Identity of the complainant is kept confidential for all complaints lodged under it. |
| HOW IS PIDPI COMPLAINT FILED? | • The Complaint should be addressed to Secretary, CVC and the envelope should be superscribed as "PIDPI"<br>• Name and Address of the complainant should NOT be mentioned on the envelope but in the letter inside in a closed cover |
| GUIDE LINES TO ENSURE IDENTITY OF COMPLAINANT REMAINS CONFIDENTIAL | • Complaints that are personally related to the complainant or addressed to other authorities may lead to disclosure of identity.<br>• Complaints should not be sent in open condition or on public portal.<br>• Documents that reveal identity should not be enclosed or mentioned in the complaint. Eg. Documents received under RTI<br>• Name and Address should be mentioned on the letter in side the envelope for confirmation purposes.<br>• Complaints where confirmation is not received are closed.<br>• Anonymous/ pseudonymous letters are not entertained. |

## VIGILANCE AWARENESS WEEK- 2023

For more details visit
http://www.cvc.gov.in

**Vigilance Department**
**Ferro Scrap Nigam Limited**

## आपकी पहचान गोपनीय रखकर भ्रष्टाचार को उजागर करने की एक प्रणाली

# सार्वजनिक हित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प, 2004 (पी.आई.डी.पी.आई)

| | |
|---|---|
| पी.आई.डी.पी.आई क्या है ? | • पी.आई.डी.पी. आई. भारत सरकार का एक संकल्प है ।<br>• इसके तहत दर्ज सभी शिकायतों में शिकायतकर्त्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है । |
| पी.आई.डी.पी.आई शिकायत कैसे दर्ज की जाती है ? | • शिकायत सचिव, सीवीसी को संबोधित की जानी चाहिये और लिफाफे के ऊपर पी.आई.डी.पी.आई लिखा होना चाहिए ।<br>• शिकायतकर्त्ता का नाम और पता लिफाफे पर नही, बल्कि अंदर बंद पत्र में लिखा होना चाहिए । |
| शिकायतकर्त्ता की पहचान गोपनीय सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश | • ऐसी शिकायतें जो शिकायतकर्त्ता से व्यक्तिगत रुप से संबंधित है या अन्य अधिकारियों को संबोधित है,पहचान का खुलासा हो सकता है ।<br>• शिकायतें खुली स्थिति में या सार्वजनिक पोर्टल पर नहीं भेजी जानी चाहिए ।<br>• पहचान बताने वाले दस्तावेज संलग्न नहीं किए जाने चाहिए, ना ही शिकायत में बताया जाना चाहिये । जैसे आर.टी.आई के तहत प्राप्त दस्तावेज ।<br>• लिफाफा में पुष्टिकरण प्रयोजनों के लिए पत्र के अंदर नाम और पता अंकित होना चाहिए ।<br>• जिन शिकायतों की पुष्टि नहीं होती उन्हें बंद कर दिया जाता है ।<br>• गुमनाम/छद्मनाम पत्रों पर विचार नहीं किया जाता है । |

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2023

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें
http://www.cvc.gov.in

सतर्कता विभाग
फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड


# FERRO SCRAP NIGAM LIMITED




Central Vigilance Commission (CVC)
Satarkata Bhawan A-Block,
GPO Complex,INA
New Delhi-110 023
Phone: 011-24600200
Toll Free: 1800110180, 1964
https://www.cvc.gov.in

Chief Vigilance Officer (CVO)
Ferro Scrap Nigam Limited
FSNL Bhawan, Equipment Chowk,
Central Avenue, Bhilai, C.G
Ph. No. 07882222474
Email: cvo-fsnl.cg@gov.in
http://www.fsnl.nic.in/Vigilance

## *Units of FSNL*




Disclaimer : The opinion, belief and viewpoints expressed by the various authors and participants for this magazine are their own and do not necessarily reflect the opinion, belief and viewpoints of Conscious Team Members and FSNL management. The articles contributed by the individuals are under their responsibility for any copy right violations, correctness of facts & views.